हेमा बनाम राम नाथ वगैरह, अपील संख्या 2016/00157/225, आदेश दिनांक 16.05.2018

यह पत्रावली अभिभाषक अपीलांटस श्री जसराज जयपाल एड़वोकेट के द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र अपील वापिस (विड्रोल) लेने बाबत् पर तलब की गई। अभिभाषक अपीलांट ने कथन किया कि अपील में पक्षकारान के मध्य लोक अदालत की भावना से राजीनामा हो गया हैं इसलिए प्रार्थीगण/अपीलांट अपील को आगे नही चलाना चाहते हैं और अपील को विड्रो करना चाहते हैं इसलिए अपील खारिज किये जाने के आदेश प्रदान करावें। न्यायालय हाजा से अनुरोध है कि अपील को विड्रो किये जाने की अनुमति प्रदान की जावें। अभिभाषक रेस्पोडेन्ट श्री शौकिन्द लाल गुर्जर एड़वोकेट ने बताया कि अपील विड्रो की जाती हैं तो हमे कोई आपत्ति नही हैं।

अभिभाषक अपीलांट अपील को आगे नही चलाना चाहते है इसलिए अपील अपीलांट विड्रो किये जाने से खारिज किया जाना उचित समझते हैं। **अतः अपील अपीलांट विड्रो किये जाने से खारिज की जाती हैं। पत्रावली फैसलशुमार होकर नम्बर से कम हों।**